# उदयपुर के सिटी पैलेस में तीन दिवसीय जनजाति कला प्रदर्शनी शुरू

■ लोक संस्कृति, कला के कलाकारों को मिला मंच

**उदयपुर,** । जनजाति क्षेत्र की लोक संस्कृति एवं कला को मंच देने तथा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सिटी पैलेस परिसर में तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, टीएडी आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ तथा उदयपुर राजपरिवार के लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ के आतिथ्य में हुआ। इसमें टीआरआई की ओर से संचालित बनफूल आर्ट स्टूडियो के कलाकारों सहित अन्य जनजाति कलाकारों की कृतियों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की गौरवमयी कला-संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी के निर्देशन में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग जनजाति अंचल की संस्कृति और कलाओं को संबल देने के लिए कार्य कर रहा है। विभाग की ओर से टीआरआई में बनफूल स्टूडियो स्थापित किया है, जिसमें आदिवासी कलाकारों को प्रोत्साहन दिया जाता है। इसी के तहत शुक्रवार से महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के साझे में तीन दिवसीय प्रदर्शनी सिटी पैलेस में प्रारंभ की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि जनजाति अंचल की संस्कृति और कलाएं अद्भूत हैं। आदिवासी महिलाएं घरों की दीवारों पर मांडने करती हैं, वह लोक कला का उत्कृष्ट रूप हैं। ऐसी की कलाओं को संरक्षण देने तथा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के प्रयास अनुकरणीय हैं। महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने कहा कि आदिकाल से ही मेवाड़ कलाओं का संरक्षक रहा है। हमारे पूर्वजों ने यहां की कलाओं और कलाकारों को आश्रय और प्रोत्साहन देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। एक बार पुनः लोक कलाओं के संरक्षण का माध्यम बनने का अवसर पाकर गर्वित और हर्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सभी पर्यटकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया। टीआरआई निदेशक ओपी जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में बनफूल स्टूडियो से जुडे कलाकारों के अलावा आदिवासी समाज के उत्कृष्ट चित्रकारों, भित्ति चित्र कलाकारों आदि की कृतियों का प्रदर्शन किया गया है। इसमें मांडना कला, पक्षियों के पंखों पर चित्रकारी, काष्ठ कृतियों आदि को शामिल किया है। पर्यटक प्रदर्शनी अवलोकन के साथ ही कृतियां खरीद भी सकते हैं। इसका भुगतान सीधे कलाकारों को प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग व टीआरआई के अधिकारी, लोक कलाकार, महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के पदाधिकारी आदि भी उपस्थित रहे। सिटी पैलेस परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचे देसी-विदेशी पर्यटकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



**संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, टीएडी आयुक्त शक्तिसिंह राठौड, महाराणों मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने जनजाति कला प्रदर्शनी का अवलोकन कियां ।**

## संक्षिप्त

### महाराणा प्रताप का दुग्धाभिषेक

**उदयपुर** । वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में नगर निगम परिसर स्थित शौर्य दीर्घा में सात दिवसीय समारोहों की श्रृंखला के अंतर्गत सेवाए समर्पण और स्वाभिमान की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। हाल ही में आए तेज हवाओं के कारण क्षतिग्रस्त हुई शौर्य दीर्घा और आसपास के क्षेत्र को समिधा अनाथ आश्रम के बालकों ने अपने हाथों से साफ सुथरा कर स्वच्छता और राष्ट्र नायक के प्रति अपनी निःस्वार्थ श्रद्धा का परिचय दिया।इस पावन अवसर पर समिधा संस्थान के बच्चों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा को शुद्ध जल से स्नान कराकर, उसके पश्चात दुग्धाभिषेक कर पुष्पांजलि अर्पित की। यह दृश्य न केवल भावुक कर देने वाला था बल्कि समाज को यह संदेश भी दे गया कि देश और संस्कृति की सेवा के लिए उम्र नहीं संकल्प महत्वपूर्ण होता है। आयोजन में भाजपा देहात टीम,युवा क्रांति संगठन,अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, समिधा संस्थान सहित अनेक सामाजिक संगठनों के सैकडों कार्यकर्ता, महिलाएँ और बच्चे शामिल हुए। सभी ने मिलकर प्रतिमा स्थल की सफाई कर उसे सुसज्जित किया और नारे लगाकर वीर प्रताप को नमन किया।

### कार्य के कारण ट्रेन होगी प्रभावित

**उदयपुर** । रतलाम मंडल के पश्चिम रेलवे पर रतलाम-नीमच रेलखंड में दोहरीकरण का महत्वपूर्ण कार्य जारी है। इस कडी में जावरा और ढोढर स्टेशनों के बीच तकनीकी कार्य के कारण 25 मई को इस मार्ग पर ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से उत्तर पश्चिम रेलवे की रतलाम-उदयपुर सिटी रेलसेवा आंशिक रूप से प्रभावित होगी। गाडी संख्या 219327 जो सामान्यतः रतलाम से उदयपुर सिटी के लिए चलती है, केवल नीमच से उदयपुर सिटी के बीच ही चलेगी। यानी रतलाम से नीमच के बीच यह सेवा रद्द रहेगी।

### पांच घंटे रहेगी बिजली गुल

**उदयपुर,** । उदयपुर शहर में रखरखाव कार्यों के चलते शनिवार को पटेल सर्कल जीएसएस से जुडे विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। शहर के 26 इलाकों में सुबह 1० बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में माछला मगरा स्कीम,स्वराज नगर,कैलाश कोलोनी, जवाहर जैन स्कूल, काका होटल, रामसिंह की बाडी, शाही कॉम्प्लेक्स,जैन धर्मशाला, आलोक स्कूल और महाराणा प्रताप कोलोनी शामिल हैं। इसके अलावा गोविंद नगर-सेक्टर.11, सेक्टर.13, एमपी कालोनी, खांजीपीर, दीवान शाह कॉलोनी, गवर्नमेंट प्रेस कॉलोनी, सालवी कॉलोनी,मोगरा वाडी, शिवाजी नगर,अग्रसेन नगर,उदयापोल,बस स्टैंड,जवाहर नगर,इंद्रानगर बीडा और सर्वऋतुविलास में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### कुश्ती दंगल 27 से

**उदयपुर,** । उस्ताद श्री अंबालाल चौधरी स्मृति दंगल समिति की ओर से आयोजित चौथा महान उदयपुर-राजसमंद केसरी कुश्ती दंगल 27, 28 मई को गंगूकुंड,आयड पर आयोजित होगा। सचिव यशवंत चौधरी ने बताया कि इस साल पहली बार उदयपुर के साथ राजसमंद के पहलवान भी इस दंगल में अपना दमखम दिखाएंगे। दंगल की तैयारी शुरु कर दी है। दंगल में कुल 10 भार वर्गों में बालक व बालिका पहलवान दम खम दिखाएंगे।

# नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया

**उदयपुर** । शादी का झांसा देकर नाबालिग द्वारादुष्कर्म करने से गर्भवती हुई नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। एक वर्ष पूर्व आरोपी नाबालिग का नाबालिग से सुपर्क हुआ ।

धीरे धीरे नजदीकिया होने पर आरोपी शादी करने का झांसा देकर अपने साथ ले गया उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने का पता चलने पर आरोपी ने उसे छोड़ दिया। इधर नाबालिग की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचारके लिए चिकित्सालय में 20 मई को भर्ती करवाया।

जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। नाबालिग द्वारा बच्चा जन्म देने से चिकित्सालय प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एसआई रामावतार को सौंपी है।


**MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY**
UDAIPUR-313039
**Estate Office E-Tender Notice-06**
No. EO/MLSU/E-Tender/2025-26/98 Dated-19/05/2025
NIB CODE: SUU2526A0006 UBN No: SUU2526WSOB00022 to 00030
Bid for **Miscellaneous work at, M.L.S University, Udaipur** are invited from interested bidders upto at **5:00 P.M. on 29/05/2025.** Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal. (http://www.sppp.raj.nic.in) of the state and www.mlsu.ac.in departmental website. **Executive Engineer**

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.02953-233526
क्रमांक /न.पा.नाथ./तामीर/25/2456 दिनांक: 23.05.25
**- : आपत्ती सूचना :-**
एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर निम्नांकित भूखण्ड पर भवन-निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए भवन निर्माण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री समर्थ कुमठ पिता श्री कन्हैयालाल कुमठ एवं श्री मयंक कुमठ पिता श्री समर्थलाल कुमठ निवासी कर्मचारी कॉलोनी तहसील रोड, नाथद्वारा | श्रीनाथ कॉलोनी- बी, पावटी रोड, नाथद्वारा भू.सं. 1ए क्षैत्रफल- 1360 वर्गफीट | सुरेशचन्द्र पालीवाल का मकान | विजय सिंह का आवासीय भूखण्ड | शिखा सोनी का आवासीय भूखण्ड | आम रास्ता |

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
क्रमांक /न.पा.नाथ./तामीर/2025/2459 दिनांक: 23.5.25
**- : आपत्ती सूचना :-**
एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टाशुद्वा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्य था प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणो में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री विनोद वैष्णव पिता श्री सरसदास वैष्णव | नाकोड़ा नगर कोठारिया रोड़ लालबाग नाथद्वारा, भूखण्ड सं. 29 | भूखण्ड सं. 30 | भूखण्ड सं. 28 | भूखण्ड सं. 41 | आम रोड 30 फिट चौडा |

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा


# 213.90 किग्रा अवैध डोडा चूरा बरामद

**राजसमंद** । राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के अपने सतत प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान ने ग्राम-मजेरा तह.देलवाडा राजसमंद में एक घर पर छापा मारा और 213.900०किलोग्राम अवैध सीपीएस डोडा चूरा बरामद कर एक वाहन को जब्त किया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ।

यह कार्यवाही नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा के मार्गदर्शन में की गई।उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा ने बताया की (सीबीएन) को 22मई को एक गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने ग्राम-मजेरा तह.देलवाडा राजसमंद में अपने घर पर भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा संग्रहीत कर छिपाकर रखा है और अवैध सीपीएस डोडा चूरा को कुचलने के बाद इसे आस-पास के इलाकों में बेच रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सीबीएन चित्तौडगढ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और 22 मई को रवाना किया गया। टीम द्वारा उक्त घर पर छापा मारकर मकान में बने एक विशेष चेम्बर में छुपाकर रखे गए 8 प्लास्टिक ड्रम बरामद किए गए, जिनमें कुल 213.900 किलोग्राम अवैध सीपीएस डोडा चूरा भरा हुआ था। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, बरामद अवैध डोडा चूरा, मिक्सर, जार और एक वाहन को जब्त कर लिया गया है और एक व्यक्ति को एनडीपीएस एक्ट, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया की केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रखेगा ताकि राज्य में नशीले पदार्थो के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होने बताया की यदि किसी के पास नशा एवं मादक पदार्थ की तस्करी से संबंधित कोई जानकारी हो तो वह सीबीएन के नियंत्रण कक्ष पर 0744-2438928 या व्हाटसएप नंबर 8764748232 पर संपर्क कर सकता है । जानकारी देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

# 33 लाख 95 हजार 500 रूपए पेनल्टी लगाई

**बांसवाडा** । चिकित्सा विभाग ने बीते एक वर्ष में 864 खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच की। जिसमें से 95 सैंपल अमानक पाए गए। जिसमें 91 सब स्टैंडर्ड, 2 मिस ब्रांड और 2 अनसेफ पाए गए है। यह आंकड़े अप्रेल 24 से लेकर अप्रेल 25 तक के है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड ने बताया कि अब तक फेल हुए सैंपल वाली फर्मों पर कार्रवाई करते हुए 33 लाख 95 हजार रूपए की पेनल्टी लगाई जा चुकी है। वर्तमान में 22 ऐसे ही केस अतिरिक्त जिला कलेक्टर के समक्ष पेश करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। डॉ. राठौड ने बताया कि 372 सैंपल एनफोर्समेंट के तहत और 492 सैंपल सर्विलेंस में लिए गए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उम्मेदमल टेलर ने बताया कि सब स्टैंडर्ड का मतलब होता है कि पदार्थ के मूल स्वरूप में बदलाव करना। यानी मानकों को ध्यान में न रखना। निर्माण में घटिया क्वालिटी का उपयोग करना। वहीं मिस ब्रांड का मतलब होता है कि गलत ब्रांडिंग पाई जाना। जिसमें उत्पाद की जानकारी भ्रामक तरीके से लिखी गई हो। वहीं अनसेफ जैसा नाम से ही स्पष्ट है कि वह सुरक्षित नहीं होते है।

# मोबाइल वैन को न्यायाधीश ने दिखाई हरी झण्डी

■ सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**राजसमंद** । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित अभियानों यथा विशेष योग्यजनों के हितार्थ विभिन्न अभियान, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह रोकथाम अभियान, नालसा योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी सहित जन कल्याणकारी योजनाओं के सबंध में आमजन में विधिक जागरूकता एवं जन जागरूकता के लिए शुक्रवार को जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने मोबाईल वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मोबाईल वैन के माध्यम से कुल 24 दिन जिले के गांव-गांव व ढणी-ढाणी में रालसा द्वारा संचालित अभियानों यथा विशेष योग्यजनों के हितार्थ विभिन्न अभियान एवं कल्याणकारी योजनाओं में उनकी पहुंच सुनिश्चित करने सहित बाल विवाह रोकथाम अभियान, नशा मुक्ति अभियान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही 13 सितम्बर 2०25 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी सहित स्थाई लोक अदालत, पीडित प्रतिकर स्कीम, निःशुल्क विधिक सहायता, नाल्सा व रालसा द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं, मध्यस्थता कानून, नालसा हेल्पलाईन नंबर, पीडित प्रतिकर स्कीम, पॉश एक्ट, वृद्धजनों के लिए विधिक अधिकार, नालसा द्वारा संचालित नवीन योजनाओं जागृति, संवाद आदि के बारे में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन करते हुए आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामलाल जाट, अधिवक्ता प्रशांत पुरोहित, रितेश टुकलिया, महेश सैन, पंकज शर्मा, असिस्टेंट एलएडीसी प्रखर खण्डेलवाल, कनिष्ठ सहायक जयप्रकाश शर्मा, अधिकार मित्र किशनलाल भील सहित अन्य न्यायिक कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित थे।


**आरजीबी RGB**
**राजस्थान ग्रामीण बैंक**
भारत सरकार, राजस्थान सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम
रिजनल ऑफिस - हीरो शॉ-रूम के पास,
माली समाज रोड़, सिरोही-307001, ई-मेलः rm_sirohi@rmgb.in
**सार्वजनिक सूचना**
हमारे ग्राहकों के लिए हमारी सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयास में राजस्थान ग्रामीण बैंक की निम्नलिखित शाखा को स्थानांतरित किया जायेगा, अतः यह शाखा दिनांक **16.06.2025** को या उसके बाद से निम्नलिखित नये पते पर कार्य करेगी तथा नये पते से सभी प्रकार की मौजूदा बैंकिंग सेवाओं को प्रदान करती रहेगी ।
**वर्तमान पताः- राजस्थान ग्रामीण बैंक, शाखा रेलमगरा, संतोषी माता मंदिर के पास, रेलमगरा- 313329**
**नया पताः- राजस्थान ग्रामीण बैंक, शाखा रेलमगरा, डी.एस. काम्प्लेक्स, कांकरोली रोड़, पी.एन.बी बैंक के पास, रेलमगरा- 313329**
हम अपनी उपरोक्त शाखा के सम्मानित ग्राहकों को यह भी सूचित करना चाहते हैं कि लॉकर्स को नये पते पर स्थानांतरित करते समय पूर्ण सावधानी बरती जाएगी, फिर भी यदि कोई ग्राहक लॉकर में रखी सामग्री / वस्तुओं को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं, तो वह **13.06.2025** तक या उससे पूर्व संबन्धित शाखा प्रमुख से संपर्क करके ऐसा कर सकते हैं एवं शाखा स्थानांतरित होने के बाद सामग्री / वस्तुओं को पुनः लॉकर में जमा कर सकते हैं।
हम उपर्युक्त स्थानांतरण के लिए शाखा रेलमगरा, के हमारे मौजूदा ग्राहकों के सहयोग के आकांक्षी हैं और उन्हें यह विश्वास दिलाते हैं कि बेहतर संसाधनों से सुसज्जित हमारी शाखा, हमारे सभी ग्राहकों के लिये और अधिक प्रभावी और कुशल सेवाएँ प्रदान करेगी ।
दिनांक 24.05.2025 **क्षेत्रीय प्रबंधक**


# घायल हालत में छोड़ भागे बदमाश

**उदयपुर** । गोगुन्दा थाना पुलिस ने बाइक सवार युवक का अपहरण कर मारपीट कर उसे घायल हालत में छोड़ भागे बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित मोहनसिंह पुत्र माईनसिंह निवासी गमादा की भागल वावदा कुचोली केलवाड़ा ने केसरसिंह व उसके साथियों केखिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरो भाई भेरूसिंह व जदगीश तथा प्रेम सिंह तीनों 20 मई दोपहर में बाइक पर कुचोली से उदयपुर जा रहे थे। जहां बीच रास्ते में कठार गोगुंदा रोड़ पर मिले बदमाशों ने रोक भेरूसिंह को कार में डाल कर अपहरण कर ले गए। जहां मारपीट कर उसे मदार पुलिया के समीप लावारिस हालत में छोड़ भागे। इसका पता चलने पर मौके पर पहुंच भाई को उपचार के लिए उदयपुर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई योगेश्वरसिंह को सौंपी है।

# गांव-गांव तक जगेगी ग्राम उत्कर्ष जागरूकता की अलख

■ 15 से 30 जून तक चयनित गांवों में लगेंगे शिविर

**बांसवाड़ा** । प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत राज्य में विभिन्न जिलों के चयनित गांवों में जनजाति वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए जनचेतना के उद्देश्य से 15 से 30 जून-2025 तक जिले के चयनित गांवों में शिविर आयोजित होंगे, जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सिकल सेल बीमारी एवं उनकी जांच के संबंध में चेतना उत्पन्न करने हेतु जिले के संबंधित विभागों से ठााम स्तर, समूह स्तर पर आयोजित किये जाने वाले शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनआधार इत्यादि प्रदान किये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

इस संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने सचिव जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र की प्रति मुख्य कार्यकारी अधिकारी अधिकारी जिला परिषद् एवं उपायुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग-बांसवाड़ा को सहित विभिन्न सम्बद्ध अधिकारियों को भिजवाते हुए उसमें वर्णित निर्देशों की पालना करने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही एसओपी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर से जारी दिशा-निर्देशों में जिला कलक्टर से व्यक्तिगत अधिकारों के वितरण में अंतराल वाले पीवीटीजी और आदिवासी गांवों की पहचान कराने, 15 से 30 जून तक ठााम स्तरीयख् कलस्टर स्तरीय लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन कराने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ठाामीण विकास एवं पंचायती राज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, कृषि और राजस्व तथा अन्य विभागों के साथ अभिसरण सुनिश्चित कराने, आधार, ई-केवाईसी और दस्तावेजीकरण से संबंधित सेवाओं के लिए गैर सरकारी संगठनों, सीएससह या इसी तरह की संस्थाओं को शामिल कराने तथा जिलेवार सूक्ष्म योजनाओं, शिविर कैलेंडी और निगरानी ढांचा तैयार कराने के साथ कवर किये गये लाभार्थियों की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इसी के साथ अभियान के संबंध में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त एसओपी एवं जिले के विभिन्न विभागों, ऐजेन्सियों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का विवरण तथा अभियान के दौरान किये गये।

# हेल्पलाइन नंबर जारी

**उदयपुर** । नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश ने शहर वासियों की सुविधा को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। आपदा के समय कोई भी शहरवासी इन नंबर पर सहायता हेतु संपर्क कर सकता हैं।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले तेज रफ्तार (लगभग 60 से 70 किलोमीटर) से आए तुफान के चलते शहर के बाजारों, संकरी गलियों के साथ साथ मुख्य मागी जैसे सहेलियों की बाड़ी, सुखाडिया सर्कल, माली कॉलोनी, कुम्हारों का भटटा, सुरजपोल, भूपालपुरा, हिरण मगरी इत्यादि स्थानों पर 100 से भी अधिक पेड़ों के गिरने व रास्ता जाम की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य अग्निशमन केंद्र अशोकनगर के आपातकालीन सूचना नम्बर 101, 0294-2414111 पर प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी के नेतृत्व में शिवराम मीणा व सहा.अग्निशमन अधिकारी नवदीप सिंह बग्गा सहित 6 टीमों को गठित कर शहर में गिरे हुए पेड़ों को मशीनों लोडर डंपर आदि के माध्यम हटा कर आमजन को तुरंत राहत प्रदान की गई।


**न्यूक्लिर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**NUCLEAR POWER CORRPRATION OF INDIA LIMITED**
( भारत सरकार का उद्यम ) (A Government of India Enterprise)
**माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की पर्यावरण मंजूरी**
**environment clearance of mahi banswara rajasthan atomic power project**
ईएसी (एनएंडडी) की सिफारिश के आधार पर, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) ने 19/05/2025 को एनपीसीआईएल द्वारा माही-बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एमबीआरएपीपी) 4X700 डब्ल्यूएमई पीएचडब्ल्यूआर (प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर) जिला-बांसवाड़ा, राज्य-राजस्थान को ईआईए अधिसूचना, 2006 की अनुसूची 1 (ई) के तहत कवर किए गए परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संबंध में विशिष्ट शर्तों के अधीन पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की है। अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.npcil.nic.in/ पर जाएं।
in the basis of recommendation of the eac (nsd), the ministry of encironment, forest and climate change (moefscc)has accorded environmental clearance to mahi-banswara rajasthan atomic powar plant (mbrapp) 4x700 wme phwr (pressurised heavy water reactor) district-banswara, state-rajasthan by npcil on 19/05/2025 w.r.t. the nuclear power plant covered under schedule 1(e) of eia notification, 2006 subject to specific conditions. for ,ore details kindly visit https://www.npcil.nic.in/.
परियोजना निदेशक ( एमबीआरएपीपी )
cbc48157/12/0001/2526 project director (MBRAPP)


# विधायक मद से विकसित होंगी रोडवेज परिसर में आवश्यक सुविधाएं

**उदयपुर** । शहर विधायक ताराचंद जैन ने रोडवेज बस स्टेण्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक जैन ने रोडवेज के डिपो मैनेजर को बस स्टेण्ड पर यात्रियों की सुविधाओं और रोडवेज बस स्टेण्ड पर विभिन्न सुविधाओं को विकसित करने के लिए एक प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए कहा ताकि वे विधायक कोटे से रोडवेज पर आवश्यक सुविधाएं विकसित कर सकें।

शहर विधायक ताराचंद जैन शुक्रवार को रोडवेज बस स्टेण्ड पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। बस स्टेण्ड पर विधायक जैन ने रोडवेज के डिपो मैनेजर हेमंत शर्मा के साथ बस स्टेण्ड पर सुविधाओं को देखा। इस दौरान बस स्टेण्ड की उखडी छत देखकर विधायक ताराचंद जैन ने रोडवेज मैनेजर शर्मा को छत की जल्द से जल्द रिपेयरिंग करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बस स्टेण्ड पर यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सियों की कमी, टूटे टॉयलेट, टूटे हुए फर्श को देखकर विधायक जैन ने रोडवेज के डिपो मैनेजर शर्मा से बस स्टेण्ड पर जिन-जिन सुविधाओं की आवश्यकता हो उनके लिए एक प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के लिए कहा ताकी वे विधायक मद से इन सुविधाओं के लिए स्वीकृति दे सकें। इसके साथ ही विधायक ने जैन ने देखा कि पूर्व में नगर निगम द्वारा रोडवेज की दीवार बनाकर दी थी लेकिन लोग दीवार फांदकर अंदर आ जाते है, जिस पर विधायक ने कहा कि दीवार पर कंटीले तारों लगाने का प्रस्ताव भी साथ में भेजा जाए। विधायक जैन ने गर्मी को देखते हुए यात्रियों के लिए वाटर कूलर और पूरे रोडवेज बस स्टैंड पर साफ सफाई चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। डिपो मैनेजर हेमंज जैन ने रोडवेज परिसर में हाईमास्क लाईटों के लिए कहा तो विधायक जैन ने बताया कि एलिवेटेड रोड उदियापोल से होकर निकलेगी। ऐसे में उदियापोल पर लगी हाई मास्क लाईटों को रोडवेज परिसर में लगा दिया जाएगा, जिससे रोडवेज परिसर में अंधेरा नहीं रहेगा और उदियापोल पर नई और बडी हाईमास्क लाईटें लगाएंगे।



**शहर विधायक ताराचंद जैन ने रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया।**


**सीएसआईआर-पारंपरिक ज्ञान अंकीय पुस्तकालय इकाई**
( डी.एस.आई.आर. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का स्वायत्त निकाय )
14, सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली- 110067
दूरभाष : 011-47011293, ई-मेल: tkdlsupport@csir.res.in
विज्ञापन संख्या - TKDL/01/2025

योग्य उम्मीदवारों से "Digitization of Traditional Agricultural Practices of India" (HCP522401) and "Digitization of Traditional Agricultural Practices of India" (HCP522401) and "Digitization of Indian Traditional Practices on Mineral, Metals, Materials and Allied Areas" (HCP522403) परियोजनाओं में पूरी तरह से अस्थायी स्टाफ हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद, डोमेन क्षेत्र और पदों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है।

| Sl. No. | Project Code | Position (s) | Domain area | No. of position (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | HCP522402/522403 | Projcet Associate I | Patents | 2 |
| 2. | HCP522401/522403 | Senior Project Associate | Sanskrit | 2 |

विस्तृत विज्ञापन सीएसआईआर की **website www.csir.res.in** पर उपलब्ध है।
**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 6th June 2025**
उप-सचिव
सीएसआईआर-टीकेडीएल इकाई
CBC-36202/11/0006/2526